DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

नशामुक्त देवभूमि संकल्प के ब्रांड एंबेसडर हैं हमारे युवा

मुख्यमंत्री ने अमर उजाला नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता को बताया सरकार के संकल्प में मील का पत्थर

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। अमर उजाला नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में युवाओं के उत्साह को देखकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ये सभी युवा 2025 तक देवभूमि उत्तराखंड को नशामुक्त करने के संकल्प के ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने कहा कि हम सब यहां से सौगंध खाकर जाएंगे कि अपने आसपास किसी को नशा नहीं करने देंगे।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नशा हमारी पीढ़ियों, नौजवानों को घुन की तरह नुकसान पहुंचाता है। जब कोई युवा नशे में लिप्त हो जाता है तो उसका पता तब चलता है जब वह अपनी जिंदगी खराब कर लेता है। मां-बाप बच्चे को इतनी मेहनत से पढ़ाते हैं। उन्होंने अमर उजाला की नशे की अंधेरी राह में उजाला मुहिम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह शुरुआत सरकार के देवभूमि को 2025 तक नशामुक्त करने के संकल्प में मील का पत्थर साबित होगी। सीएम धामी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में जो युवा आज नशे के खिलाफ अलख जगाने आए हैं, वह सभी हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं। आज इस कार्यक्रम से हम सौगंध खाकर, शपथ और संकल्प लेकर जाएंगे कि अपने आसपास रहने वाले किसी भी व्यक्ति को नशे का आदी नहीं होने देंगे। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य की सरकार लगातार बेहतर काम कर रही है। प्रदेश में पहले नकल माफिया हावी थी, जो मेहनती व योग्य युवाओं की नौकरी छीन लेते थे, लेकिन ऐसे नकल माफियाओं को सलाखों के पीछे भेजा गया।

इन पर सख्ती के लिए ऐसा सख्त नकलरोधी कानून बनाया, जिसमें ऐसा करने वालों को उम्रकैद की सजा हो। कहा कि उनकी सरकार में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने 6635 युवाओं को नौकरी दी, जबकि समूह-ग के भी 7600 से ज्यादा पदों पर भर्तियां की गईं। अब सभी विभागों से रिक्त पदों की जानकारी मांगी गई है, ताकि और अधिक युवाओं को नौकरियां दी जा सकें। ब्यूरो

>> पांडवाज ने मचाया धमाल 05 पर



युवाओं को संबोधित करते सीएम धामी।

प्रतियोगिता में ये कॉलेज रहे विजेता

1 ग्राफिक एरा हिल
2 दून विवि
3 एसएमआर कालेज

नशे के खिलाफ अमर उजाला की मुहिम "नशे की अंधेरी राह में उजाला" के तहत शनिवार को गढ़वाल मंडल के 42 कालेजों की टीमों ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। इसमें ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रथम, दून विश्वविद्यालय की टीम को द्वितीय तथा एसएमआर जनजातीय पीजी कालेज साहिया की टीम को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। उधर विशेष ज्यूरी पुरस्कार डीडब्ल्यूजी कालेज और हरिद्वार विवि को दिया गया। >> सपनों को ढक रहे नशे के अंधेरे को युवाओं ने दिखाया उजाला : माई सिटी पेज 06 पर

सर्वश्रेष्ठ लेखन : ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी | सर्वश्रेष्ठ निर्देशन दून विश्वविद्यालय | सर्वश्रेष्ठ अभिनय हरिद्वार विवि के अरनब

News paper – Amar Ujala
Date – 25.02.2024